


# दैनिक भारतीय बस्ती






भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 157 मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### स्काउट गाइड शिविर ध्वजारोहण के साथ शुरू



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हर्रैया कस्बे के गजाधर सिंह अंगद सिंह इंटर कॉलेज में सोमवार को स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने स्काउट गाइड का ध्वजारोहण करके उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासित एवं विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला का विकास होगा। ट्रेनिंग काउंसलर जिला संगठन कमिश्नर गाइड संगीता प्रजापति और सहायक ट्रेनर दीपक प्रजापति ने प्रशिक्षण देते हुए सेवा भाव, प्रार्थना का महत्व, स्काउट के इतिहास, टोली विधि , ध्वज शिष्टाचार, स्काउट के नियम एवं प्रतिज्ञा के बारे में जानकारी दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट मास्टर दिनेश पाण्डेय, गाइड कैप्टन अंजू श्रीवास्तव, पंकज सिंह, संतोष श्रीवास्तव, पवन मिश्र, सत्येंद्र सिंह, संध्या तिवारी, सिमरन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 31 दिसम्बर को अपरान्ह 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी सदस्य सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति/अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. संजीव कुमार ने दी है।

### अमहट पुराने पुल से प्लास्टिक काम्पलेक्स तक चौडीकरण का प्रस्ताव

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । शहर के मुख्य मार्ग पर जाम से लोगों को निजात मिलेगी। सड़क का चौड़ीकरण किया जाना। लोक निर्माण विभाग की ओर से लगभग 90 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव पर शासन की मुहर लगने के साथ ही काम शुरू हो जाएगा। अधीक्षण अभियंता एके वर्मा का कहना है कि प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है।

अमहट पुराने पुल से कम्पनी बाग, गांधी नगर, रोडवेज, जिला अस्पताल चौराहा होते हुए मुख्य मार्ग कांटे पर संतकबीरनगर की सीमा से मिलता है। इसकी लंबाई लगभग 26.2 किलोमीटर है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण शास्त्री चौराहा, कम्पनी बाग चौराहा, रोडवेज तिराहा, अस्पताल चौराहे पर पीक ऑवर में भीषण जाम लग जाता है। इसी रोड पर मुख्य बाजार व कार्यालय मौजूद हैं। आए दिन के जाम की समस्या को देखते हुए लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है।

अवर अभियंता अभिषेक सिंह ने बताया कि अमहट पुराने पुल से लेकर प्लास्टिक काम्पलेक्स तक सड़क 15–16 मीटर चौड़ी बनाई जाएगी। इसके बाद सड़क की चौड़ाई 10 मीटर हो जाएगी। सड़क पर पड़ने वाले पेड़ों व जलकल की पाइप लाइन को स्थानांतरित करने के लिए संबंधित विभाग से इस्टीमेट मांगा गया है। अमहट पुराने पुल से जिला अस्पताल चौराहे तक मुख्य बाजार व इससे सटी आबादी है। सड़क दशकों पूर्व की बनी हुई है, लंबे समय से इसका चौड़ीकरण नहीं किया गया है। इस दौरान शहर के इस मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ा है। लोक निर्माण विभाग के तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण होने से काफी हद तक मुख्य मार्ग पर लोगों को जाम से निजात मिल सकेगा।

## किसान संगठनों के आवाहन पर पंजाब बंद का व्यापक असर



**चण्डीगढ (आभा)।** हरियाणा–पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में सोमवार को किसानों ने अपने पंजाब बंद के आह्वान के तहत जगह–जगह प्रदर्शन किया, जिसका प्रदेश में व्यापाक असर देखने को मिला। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान ने 140 जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक को जाम किया।

इस दौरान अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, फगवाड़ा व मोहाली में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। चंडीगढ–दिल्ली हाईवे को भी धरने लगाकर किसानों ने जाम कर दिया। पठानकोट और जम्मू कश्मीर को जाने वाले रास्ते में पड़ते बॉर्डर क्षेत्र में कथलोर पुल को भी किसानों ने बंद कर दिया, जिस कारण पंजाब का जम्मू–कश्मीर से संपर्क कट गया।

किसानों व व्यापारियों में बाजार बंद करने को लेकर लुधियाना में बहस भी हुई। यहां चौड़ा बुजार खुला रहा। इसी तरह परेशानी झेल रहे यात्रियों ने भी किसानों का विरोध किया और आरोप लगाया कि इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी लोगों को भी जाने नहीं दिया गया।

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला। 140 जगहों रेलवे व हाईवे को जाम किया गया और 270 जगहों पर प्रदर्शन भी हुआ। किसानों के बंद की वजह से रेलवे ने वंदे भारत समेत 150 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और दर्जनों को री–शेड्यूल भी किया गया। देर शाम टिकट का रिफंड भी जारी कर दिया गया।

## निर्माण कार्यों का स्वयं निरीक्षण करें अधिकारी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । समीक्षा बैठक से पूर्व प्रशासकीय विभाग के मण्डलीय अधिकारी अपने से संबंधित निर्माणाधीन प्रोजेक्ट कार्यो का स्वयं निरीक्षण करें ताकि कार्यदायी संस्था को उनकी आख्या/निर्देश के आधार पर कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने दिया। आयुक्त सभागार में रू. 50 लाख एवं उससे अधिक की निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक (सड़को को छोड़कर) को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि निर्धारित समयसीमा के तहत शासन की मंशा के अनुरूप कार्यदायी संस्थाए कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होने सी एण्ड डीएस बस्ती के स्वीकृत 18 कार्यो के सापेक्ष मात्र 03 कार्यो को पूर्ण किए जाने पर तथा सेतु निगम के 13 कार्यो के सापेक्ष 04 कार्य पूर्ण किए जाने पर नाराजगी प्रकट किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारी को निर्देश दिया कि नये वर्ष में 15 दिवस में कार्यो को पूर्ण करें। उन्होने नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं की जॉच आख्या समय से प्रस्तुत की जाय।

बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी ने किया। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पाण्डेय, सीडीओ जयदेव सी.एस., संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी, मुख्य अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, उप निदेशक पशुचिकित्सा, उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता राय सहित मण्डल स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने ब्लाक कप्तानगंज के ग्राम बढ़नी में निर्माणाधीन गुरू वशिष्ठ आश्रम तथा नगर पंचायत कप्तानगंज के वार्ड नम्बर–4 में कटाइया में निर्माणाधीन पानी टंकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि आश्रम में यात्री हाल में पत्थर लगे है तथा यात्री हाल एक व दो में पत्थर लगाने, गेट, आश्रम, शौचालय व इण्टरलाकिंग का कार्य चल रहा है। अवर अभियन्ता ने बताया कि फास्टनर की सहायता से पत्थर लगाया जा रहा है तथा माह जनवरी 2025 के अन्त तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों ने बताया कि यह स्थल मान्यता के अनुसार रामायण काल की महर्षि वशिष्ठ के आश्रम का स्थल है।

निर्माणाधीन पानी टंकी के निरीक्षण में उन्होने पाया कि पानी हेतु बोरिंग की गयी है तथा व्यक्तियों को पानी के लिए 140 एमएम साइज की पाइप लगायी जा रही है। पानी की टंकी से पानी देने हेतु 1200 व्यक्तियों को कनेक्शन दिया गया है और 2800 व्यक्तियों को कनेक्शन देना अवशेष है। अवर अभियन्ता जल निगम ने बताया कि मार्च 2025 तक निर्माण कार्य व कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संवैधानिक अधिकार न्याय यात्रा को लेकर निषाद पार्टी ने किया तैयारी बैठक




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सोमवार को निषाद पार्टी की बैठक प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष अशोक निषाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी जनवरी के प्रथम सप्ताह में बस्ती पहुंचने वाली संवैधानिक अधिकार न्याय यात्रा के स्वागत तैयारियों पर चर्चा के साथ ही पदाधिकारियों में दायित्वों का वितरण किया गया।

बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक निषाद ने बताया कि संवैधानिक अधिकार न्याय यात्रा का जनपद में प्रवेश पर भव्य स्वागत किया जायेगा। प्रदेश महासचिव दीपू निषाद ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य समाज के उन दबे कुचले को जागरूक करना है जो किन्ही कारणों से अवसरों से वंचित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री संजय निषाद के आवाहन पर यह यात्रा 30 नवम्बर से शुरू हुई जो विभिन्न जनपदों से होते हुये 13 जनवरी को 12 वें संकल्प दिवस पर गोरखपुर पहुंचेगी और यहां राष्ट्रीय अधिवेशन होगा।

तैयारी बैठक में मुख्य रूप से निषाद पार्टी के जिला उपाध्याय रामू निषाद, जिला अध्यक्ष संगठन संदीप निषाद, मोनू निषाद, धर्मराज निषाद, शिव शंकर श्रीवास्तव, श्यामू प्रधान, संतोष प्रजापति, बलराम निषाद, मिथिलेश, सोहन, सीपी निषाद, विनोद सोनकर, विजय कुमार निषाद, रामतेज निषाद, दिलीप निषाद, आजम खान, पीतांबर, गोरखनाथ आदि शामिल रहे।

## राजेश कमलापुरी को भाजपा मण्डल अध्यक्ष चुने जाने पर प्रसन्नता



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी गौर मण्डल से राजेश कमलापुरी को मण्डल अध्यक्ष चुना गया है। उनके चयन से पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता का माहौल है। सोमवार को पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बभनान स्थित महागौरी मंदिर परिसर में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों को साझा किया। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम कमलापुरी ने कहा कि निश्चित रूप से वे पार्टी के नीति, कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर गति देंगे।

राजेश कमलापुरी को गौर मण्डल अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जटाशंकर शुक्ल, आनन्द सिंह कलहंस, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्याम बहादुर, विजय गुप्ता, राजेश अंगियार, अनिल सोनी, अनुपम पाण्डेय, आशीष सिंह, सोनू सिंह, सुनील गुप्ता, राजमंगल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, वृजेश गौतम, रविन्द्र गुप्ता, राजेश, अमित पाण्डेय, सन्तोष शुक्ल, अमित शुक्ल, दीपक जायसवाल, वेद प्रकाश सोनी, राम बाबू कमलापुरी, सूरज कमलापुरी, रमलू सिंह, राजकुमार जायसवाल, मो. बस्तवी, शिव कुमार तिवारी, मोरारजी कमलापुरी, किशन कसौधन, महेश कसौधन, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## क्षेत्र पंचायत बनकटी की बैठक में 50.45 करोड़ रुपये का बजट पास

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



**बनकटी (बस्ती)।** बनकटी क्षेत्र पंचायत की बैठक सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई ।इसमें 50.45 करोड़ रुपये का लेबर बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया ।बैठक में हर गरीब को आवास व जनप्रतिनिधियों के शिकायत का तत्काल निराकरण न होने का मुद्दा उठाया गया।

बैठक में समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का संकल्प लिया गया ।ब्लॉक प्रमुख मेवाती देवी और खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ला ने बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रमुख प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में मोदी व प्रदेश में योगी की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए डिजिटल इंडिया के माध्यम से हर व्यक्ति के खाते में धनराशि भेज रही है ।इससे योजनाओं की पारदर्शिता भी बनी हुई है और पात्रों को योजनाओं का लाभ भी सीधे मिल रहा है ।बैठक में खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ला ने सबसे पहले पिछले बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई और इसकी पुष्टि कराई ।प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, मनरेगा,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य विभागों की योजनाओं को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

2025–26 की कार्ययोजना एवं लेबर बजट,पंचम राज्य एवं केन्द्रीय वित्त आयोग वर्ष 2024–25 की पूरक कार्य योजना पर मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों के साथ विचार विमर्श किया गया ।खंड विकास अधिकारी ने ब्लॉक में विकास कार्यों को गति देने के लिए उपस्थित सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा की ।उन्होंने कहा कि यदि सबका सबसे सहयोग रहा तो बनकटी को माडल ब्लॉक के रूप में विकसित किया जा सकेगा ।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र तिवारी,सत्यनारायण शुक्ला ,रवि पांडेय,राजेंद्र चौधरी,मनमोहन तिवारी,रमेश अग्रहरी,राम किशुन चौधरी,सुनील पांडेय,नीरज पांडेय,पन्ना लाल,ए डी ओ समाज कल्याण राजन चौधरी,ए डी ओ पंचायत आशुतोष पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## मंत्री आशीष पटेल की लोकायुक्त से शिकायत

**लखनऊ (आभा)।** पल्लवी पटेल के बाद अब आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के खिलाफ मोर्चा खोला है। ठाकुर ने मंत्री आशीष पटेल की लोकायुक्त उत्तर प्रदेश से शिकायत की है। अमिताभ ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा अध्यापन सेवा नियमावली 2021 बनाया, जिसके नियम 5 में विभागाध्यक्ष पद के लिए शत प्रतिशत नियुक्ति उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती से किया जाना है। साथ ही बीटेक और एमटेक अध्यापकों के लिए 15 वर्षों का अनुभव अनिवार्य है। इसके विपरीत 9 दिसंबर 2024 को 177 अध्यापकों को विभागाध्यक्ष पद पर प्रोन्नति में इन दोनों नियमों का पूर्ण उल्लंघन बताया जाता है।

## शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर डीएम, बीएसए, लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**




बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने चयन वेतनमान, ऑनलाइन जीपीएफ भुगतान और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अन्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध पूर्ण किए जाने वाले विभाग के आदेश के क्रम में कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का आग्रह किया। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि आगामी जनवरी माह में 400 से अधिक शिक्षकों का चयन वेतनमान लगाने का कार्य गतिमान है जिसको समय से पूर्ण किया जाय।

जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व उपाध्यक्ष रवीश मिश्र ने बताया कि महानिदेशक द्वारा समस्त लेखाधिकारी को जीपीएफ की राशि मानव संपदा पोर्टल पर अंकन किए जाने का निर्देश दिया गया है। पूर्व में मई 2023 में भी लेखा पर्ची जारी करने को कहा गया लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ है। इसको जल्द पूर्ण किया जाय। कहा कि शिक्षकों के विभिन्न कार्यों में खंड शिक्षा अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिथिलता अपनाई जाती है वहीं शिक्षकों द्वारा विभागीय कार्यों में क्षणिक देरी पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने में तत्परता दिखाई जाती है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के लंबित कार्यों में लापरवाही पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

शिक्षकों ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन कार्य को समय अवधि में पूर्ण कराते हुए चयन वेतनमान, जीपीएफ से धनराशि निकासी हेतु कुल कटौती जीपीएफ खातों में धनराशि पोर्टल पर चढ़ाने आदि कार्यों के लिए निर्देशित करें जिससे शिक्षकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष उमाकांत शुक्ल,सुधीर तिवारी,शिव प्रकाश सिंह, प्रवीन श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष हरेन्द्र यादव,सुरेश गौड़, अखिलेश पाण्डेय, सनद पटेल, आशीष दूबे, संजय यादव,विजय यादव,आशुतोष राठोर, प्रवीण श्रीवास्तव, अनिल पाठक,जनार्दन पाण्डेय,शिव शंकर यादव,संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## मानदेय वृद्धि सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पीआरडी जवानों ने सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती । सोमवार को पी.आर.डी. जवानों ने अशोक कुमार के नेतृत्व में जवानों की डियूटी, मानदेय के समय से भुगतान सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि घोर आर्थिक संकट का सामना कर रहे पी.आर.डी. जवानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाय।

मुख्यमंत्री को भेजे 6 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि मानदेय में वृद्धि कर पी.आर.डी. जवानों की शत प्रतिशत डियूटी लगाकर भुगतान प्रति माह 10 तारीख के भीतर कराया जाय। केनरा बैंक से हुये विभागीय एम.ओ. के अनुसार दुर्घटना बीमा और मृतक आश्रितों, पीआरडी जवान के परिवार के एक सदस्य की अविलम्ब भर्ती कराने के साथ ही न्यायालय के आदेश का पालन कराते हुये उत्तराखण्ड पीआरडी जवानों की भांति सुविधायें दी जाय। समय–समय पर जवानों को प्रशिक्षण देकर वर्दी मेन्टीनेन्स विभागीय व्यय पर सुनिश्चित कराया जाय।

ज्ञापन देने के बाद पीआरडी जवानों का नेतृत्व कर रहे अशोक कुमार ने बताया कि शांति, सुरक्षा, यातायात, मेला, चुनाव व आपदा आदि की स्थिति में अपनी भूमिका निभाने वाले पीआरडी जवान घोर उपेक्षा के शिकार है। उनसे अति अल्प मानदेय पर काम लिया जा रहा है जिसमें घर का गुजारा मुश्किल है। 100 से अधिक जवान हर माह डियूटी से वंचित रह जाते हैं। मांग किया कि मानदेय वृद्धि के साथ ही शत प्रतिशत डियूटी व अन्य सुविधायें पीआरडी जवानों को उपलब्ध करायी जाय।

जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से रामतौल, राम सेवक गोस्वामी, चन्द्रभान, मंजीत कुमार, राम विलास मौर्य, तुलसीराम, राम प्रकाश, राम विलास चौधरी, रामजीत गौतम, राम उग्रह, आरती देवी, सुनीता, सुरेश सिंह, कलावती, रीता, नीरज गौतम, दुर्गावती आजाद, प्रभावती देवी, राधिका, नीलू देवी, लक्ष्मी, रामतौल, जगदीश पसाद, राजाराम, राम प्रसाद, गंगाराम, जवाहिरलाल, सुभाष चन्द्र, सत्य प्रकाश, रामलगन, सुखराम, प्रभूनाथ, भोले प्रताप, मनोज कुमार, रामचन्द्र, राजेश कुमार शर्मा, राम गोपाल, राजकपूर, मुकेश चन्द्र, मनोज कुमार के साथ ही अनेक पीआरडी जवान शामिल रहे।

## लेखपाल और मुंशी पर मनमानी वसूली का आरोप तहसीलदार को पत्र देकर किया कार्रवाई की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**




बस्ती । सोमवार को नगर पंचायत मुण्डेरवा के सभासद चन्द्रमोहन भट्ट के नेतृत्व में सभासदों और क्षेत्रीय नागरिकों ने तहसील बस्ती सदर को पत्र सौंपा। मांग किया कि राजस्व लेखपाल मनोज श्रीवास्तव और उनके मुंशी कमलेश वर्मा द्वारा जाति, आय, निवास प्रमाण–पत्र आदि बनवाने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाते हुये उनके विरूद्ध कार्रवाई कराया जाय।

पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत मुण्डेरवा में तैनात राजस्व लेखपाल मनोज श्रीवास्तव और उनके मुंशी कमलेश वर्मा द्वारा जाति, आय, निवास प्रमाण–पत्र आदि बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आवेदन करने पर 15 से 20 दिन के बाद रिपोर्ट लगाया जाता है। बाद में लेखपाल और मुंशी द्वारा आवेदक को फोन किया जाता है कि आधार कार्ड लेकर मुण्डेरवा बाजार में मिलो। मिलने पर 500 से लेकर दो हजार रूपये तक की मांग किया जाता है। रूपया न देने पर रिपोर्ट बिलम्ब करके मनमाना कारण बताकर आवेदक के फार्म को रिजेक्ट कर दिया जाता है। जो लोग रिश्वत दे देते हैं उनकी रिपोर्ट 42000 की लगा दी जाती है और न देने वालों का रिपोर्ट 72000 से 120000 रूपये तक लगा दिया जाता है। यही नहीं पेंशन बनवाने, वरासत लगवाने, खसरा खतौनी आदि बनवाने सहित योजनाओं का लाभ उठाने के लिये लेखपाल और मुंशी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है और न देने पर आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाता है। इससे नागरिक परेशान है। ज्ञापन देने के बाद आलोक कुमार चौधरी सभासद, शिवकुमार, सभासद प्रतिनिधि अजय अग्रहरि, राम प्रकाश चौधरी, पंकज भट्ट, दिलीप भट्ट, रोहित भट्ट, सर्वेश भट्ट, अभय कुमार वर्मा, चंद्रशेखर, मुख्तार, समसुल, सावित्री देवी, प्रेम शिला, खुशबू, संगीता, पूजा चौधरी, राजमती आदि ने मांग किया कि रिश्वतखोरी पर अंकुश लगाते हुये दोषी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराया जाय।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती
बस्ती 31 दिसम्बर 2024 मंगलवार

## सम्पादकीय

### समय की रेत पर 2024

समय की रेत पर कई वर्ष गुजरे और इतिहास बन गये। वर्ष 2024 अपनी खट्टी मिट्ठी यादों के साथ इतिहास बन गया। अब नये वर्ष 2025 से फिर वहीं उम्मीदें, उत्साह, उमंग, यही जीवन है। राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा, मंहगाई, गरीबी, प्राकृतिक प्रकोपों के बीच 2024 अनेक उपलब्धियों के लिये भी याद किया जायेगा।

पीछे मुड़कर देखे तो 2024 कई मायनों में उथल पुथल का वर्ष रहा। वर्ष 2024 के दौरान दुनिया ने कई उथल—पुथल देखी हैं। कई महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं, जिसने दुनिया को बदल दिया और कूटनीति को नई और अप्रत्याशित परिस्थितियों में ला खड़ा किया। वर्ष 2024 के दौरान, कुछ सरकारें गिर गईं और नई व्यवस्थाएं बनीं, सार्वजनिक विरोधों के कारण स्थापित सरकारें गिर गईं और अनिर्वाचित लोगों ने सरकार की सीट पर कब्जा कर लिया। युद्ध जारी रहे, जिसमें और अधिक लोग मारे गए और पहले से ही मुश्किल में फंसे लोगों के लिए और अधिक तबाही और पीड़ा आई. समय के साथ, दुनिया कई लोगों के लिए बेहतर जगह नहीं बन पाई।


राजनीतिक क्षेत्र में देखें तो 2024 में क्षेत्रीय दलों का उदय भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है, जो यह दर्शाता है कि भविष्य के राज्य चुनाव राष्ट्रीय नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर होंगे. यह पुनरुत्थान स्थानीय मुद्दों और प्रत्येक राज्य की अनूठी जरूरतों को एड्रेस करने के महत्व को रेखांकित करता है, जिसे करने में क्षेत्रीय दल माहिर हैं। 2024 के चुनावों में उनकी सफलता जमीनी स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने की उनकी क्षमता को उजागर करती है, जो मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होने वाले अनुरूप समाधान पेश करती है। जैसे—जैसे भारत आगे बढ़ेगा, क्षेत्रीय दलों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। 2024 के चुनावों में उनकी सफलता क्षेत्रीय नेतृत्व के महत्व और राष्ट्रीय दलों के लिए स्थानीय मुद्दों और निर्वाचन क्षेत्रों के साथ अधिक सार्थक रूप से जुड़ने की आवश्यकता को रेखांकित करती है. भारतीय राजनीति के भविष्य में गठबंधन सरकारों और क्षेत्रीय गठबंधनों पर अधिक जोर दिया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय दल नीति और शासन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शिक्षा क्षेत्र में देखें तो इस वर्ष की परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। छात्र और टीचर्स दोनों ही इसे नुकसान के रूप में देख रहे हैं। इसी के चलते उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में छात्रों ने इसको लेकर बड़ा विरोध किया। इसके चलते आयोगों को परीक्षाओं एक दिन में संपन्न करवानी पड़ी। वर्ष 2024 की शुरुआत राष्ट्रीय पात्रता—सह—प्रवेश परीक्षा स्नातक (यूजी) परीक्षा से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण विवादों में से एक के साथ हुई। इस प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और एग्जाम में बहुत से अनियमितता देखने को मिली। जिसके चलते इस परीक्षा को आयोजित करने वाले संस्थान पर भी उंगलियां उठीं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली को स्वीकार किया था।


देशभर में प्रवेश परीक्षाएं और साथ ही बहुत से भर्ती परीक्षाओं का आयोजित करने वाले आयोग नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर भी बहुत से सवाल उठे। जब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) को आयोजित होने के ठीक एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा भी एनटीए द्वारा आयोजित कई परीक्षाओं में गड़बड़ियों के सवाल उठाये गए।

उत्तर प्रदेश में, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) समीक्षा अधिकारी परीक्षा में लीक के बाद गहन जांच के घेरे में आ गया। पेपर लीक के चलते ही उत्तर प्रदेश में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा को भी रद्द कर दिया गया था। इन सबके अलावा तमिलनाडु और महाराष्ट्र को भी अपने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) और पुलिस भर्ती परीक्षाओं में बड़ी खामियों का सामना करना पड़ा। राजस्थान लोक सेवा आयोग को भी मई 2023 में पेपर लीक का हवाला देते हुए अपनी राजस्व अधिकारी ग्रेड 2 और कार्यकारी अधिकारी कक्षा 4 परीक्षा रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब परीक्षा मार्च 2025 के लिए पुनः परीक्षा निर्धारित की गई है।। उम्मीद की जानी चाहिये कि 2025 चुनौतियों का समाधान लेकर आयेगा।

# समय चक्र: 2025 से जुड़ी उम्मीदें



—डॉ. आर.के. सिन्हा—



भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र , हर तरह के खघन— पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है , जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं ।इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई—गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं । 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई—कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई—कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड—आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं।

अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी।

आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है।

भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है । यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है , जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से। 30—35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए है । प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्नों, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहाँ? अब आशा करनी चाहिए कि सतत अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा ।


2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है।

हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है।

शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है। (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# सकारात्मकता, प्रकृति के सान्निध्य से होगी समृद्धि

—रेनू सैनी—



विभिन्न देशों की संस्कृति, वहां के परिवेश और लोकाचार के अनुरूप होती है। जिन देशों की संस्कृति जितनी अधिक समृद्ध होती है, वे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से उतने ही अधिक संपन्न होते हैं। जापान एक ऐसा देश है जहां के लोग लंबा जीवन तो जीते ही हैं, इसके साथ—साथ वे विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहते हैं। कई जापानी अवधारणाएं प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को बदलने की सामर्थ्य रखती हैं। 'मनेकी नेको' भी एक ऐसी ही अवधारणा है। जापानी में नेको शब्द का अर्थ है, बिल्ली और मनेकी का अर्थ होता है, 'किसी को निमंत्रित करना।' अगर इन दोनों शब्दों को मिला दिया जाए तो 'मनेकी नेको' का अर्थ हुआ, 'बिल्ली लोगों को अंदर आने का न्योता दे रही है।' अथवा 'बिल्ली लोगों को अपनी ओर बुला रही है।'

इस आकृति का मूल, ईदो युग के एक प्रसंग से जोड़ा जाता है। वह प्रसंग इस प्रकार है कि एक बिल्ली हमेशा टोक्यो के पश्चिम में स्थित एक मंदिर के आंगन में, बड़े से पेड़ के सामने मुंह करके बैठी रहती थी। पेड़ आंगन से दूर था। एक दिन भयंकर तूफान आ रहा था। एक यात्री तूफान में भीगता हुआ आया और उस पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। उसे सामने से वही बिल्ली हाथ हिला—हिला कर अपनी ओर बुलाने का संकेत करती रही। यह देखकर यात्री असमंजस में पड़ गया कि आखिर यह बिल्ली इतने तूफान में मुझे अपनी ओर आने का संकेत क्यों कर रही है? खैर! यात्री बिल्ली के आमंत्रण पर उस पेड़ से भागकर उसकी ओर आ गया। जैसे ही वह बिल्ली के पास पहुंचा तो अचानक भयंकर गर्जना हुई। यात्री ने पीछे मुड़कर देखा तो दंग रह गया कि जिस पेड़ के नीचे वह खड़ा था, उस पेड़ पर बिजली गिर गई थी। वह पेड़ जलकर राख हो गया। पेड़ के साथ—साथ उसके इर्द—गिर्द की हर चीज भी जलकर राख हो गई थी। अब तो यात्री की सांस ऊपर की ऊपर रह गई। उसकी आंखों से आंसू बह निकले। उसने बिल्ली को अपनी गोद में उठाया और नम आंखों से उसका आभार व्यक्त किया। बस तभी से एक हाथ हिलाती बिल्ली हर घर, आंगन और व्यवसाय का शुभ प्रतीक बन गई। आज अक्सर कई दुकानों में यह बिल्ली हाथ हिलाती हुई नजर आती है।

मनेकी नेको 'आकर्षण के सिद्धांत' का मूर्तिमान रूप है। इसकी मूर्ति मानो प्रत्येक व्यक्ति को यही कहती है कि आप बार—बार मांगो, कार्य करने के लिए अपने कदम आगे बढ़ाओ, धीरे—धीरे आगे बढ़ो। आपको वह सब कुछ मिल जाएगा जो आप चाहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आकर्षण के नियम का मूल स्रोत, द किबलियोन के सात नियमों में से एक में मिलता है, जिसे रहस्यमयी हर्मिस त्रिसमैगिसतुस ने बनाया था। मन से जुड़ा यह नियम कहता है कि, 'इस ब्रह्माण्ड में हर चीज एक मानसिक रचना है और इस तरह मनुष्य अपने विचारों के माध्यम से अपना यथार्थ स्वयं रच सकते हैं।'मनेकी नेको यह बताता है कि आप जिसे चाहते हैं, उसकी हृदय से कामना करें। उसके लिए प्रयासरत हों। इसमें आकर्षण के ये चारों नियम समायोजित हैं ——

आप क्या चाहते हैं? उसे ब्रह्मांड से मांगें। उत्साह और आभार जीवन में सदैव रहना चाहिए। इनके माध्यम से अपनी इच्छाओं पर ध्यान केंद्रित करें।


इस तरह व्यवहार करें कि आप जो अच्छी चीजें चाहते हैं, वे आपकी हो चुकी हैं। मुक्त मन से उन्हें ग्रहण करें।

आकर्षण के उपरोक्त चारों नियम बहुत सरल हैं। मगर लोग इनका सही से पालन नहीं करते, इसलिए चूक जाते हैं। यदि हमारे हाथों में हर पल मोबाइल रहेगा, उसी पर ध्यान रहेगा तो प्रकृति के शुभ संकेत हम कहां समझ पाएंगे? अपनी कल्पनाशक्ति को भी जीवित रखने के लिए यह अनिवार्य है कि मोबाइल, सोशल मीडिया से उचित दूरी बनाए रखें। लगातार इन्हीं में डूबे रहने के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। आज सोशल मीडिया ने व्यक्ति को इतना अधिक व्यथित किया हुआ है कि वे प्राकृतिक स्थलों पर विचरण करने की जगह वहां पर अपनी फोटो लेते हैं, रील्स बनाते हैं और फिर अनायास ही काल के गाल में समा जाते हैं।

मनेकी नेको का शुभ संकेत प्रत्येक व्यक्ति को यही बताता है कि सकारात्मक रहो, निरंतर आगे बढ़ो और प्रकृति के सान्निध्य में रहो। प्रकृति में विचरण करने वाले जीव—जंतु, पेड़—पौधे हमें बहुत कुछ सिखाते हैं। न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के नियम की खोज इसलिए कर पाए क्योंकि वे प्रकृति के सान्निध्य में बैठे अपने आविष्कार पर सोच रहे थे। अचानक हवा के झोंके से एक सेब के पेड़ से सेब नीचे गिरा। न्यूटन ने उसे नीचे गिरते देखा और स्वयं से बोले, 'यह सेब नीचे ही क्यों गिरा? अगल—बगल या ऊपर क्यों नहीं गिरा। इसका अर्थ है कि धरती उसे खींच रही है यानी उसमें आकर्षण है। इस तरह गुरुत्वाकर्षण का नियम पूरे विश्व के सामने आया। आज भी असंख्य आविष्कार व्यक्तियों का इंतजार कर रहे हैं बशर्ते वे मनेकी नेको के नियम के अनुसार कार्य करें। 'मनेकी नेको' के जुड़वां नियम से आगे बढ़ें और अपना सुंदर भविष्य गढ़ें।

# महाकुंभ और पड़ोसी चीन

—विनय शुक्ला—



**प्रयागराज की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में ह्वेनत्सांग ने अपनी किताब सी—यू—की में लिखा है कि देश के बड़े—बड़े राजा और महाराजा यहां पर दान का उत्सव मनाने एकत्र हुआ करते थे। इनमें सबसे प्रतापी और शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन का शासन काल सबसे प्रमुख रहा। ह्वेनत्सांग की किताब में प्राचीनकाल में प्रयाग के महात्म्य का रोचक वर्णन मिलता है। ह्वेनत्सांग ने लिखा है कि प्राचीन काल में प्रयागराज में बड़े स्तर पर धार्मिक उत्सव मनाया जाता था, जिसमें 5 लाख से अधिक व्यक्ति एकत्र होते।**

प्रयागराज तकरीबन 1400 वर्ष से चीनियों की पहली पसंद है। इसका स्पष्ट उल्लेख चीनी यात्री ह्वेनत्सांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत से चीन और आसपास के देश खासे आकर्षित होते रहे हैं। इसीलिए प्राचीन काल में चीन ने बारी—बारी अपने पांच यात्रियों को भारत के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी लेने के लिए भेजा। ह्वेनत्सांग ने यहां आकर 16 वर्षों तक भारत के कोने—कोने का अध्ययन किया। 644 ईस्वीं में उसने शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन के राज्य को सबसे ज्यादा अन्न वाला बताया। यही नहीं उसने अपनी किताब में लिखा है कि प्रयागराज जलवायु, स्वास्थ्य और सबसे ज्यादा फल वाले वृक्षों का क्षेत्र है। प्रयागराज व आसपास के लोग विनम्र, सुशील और विद्याप्रेमी होते हैं। यहां तमाम पुरातत्व और सर्वेक्षण से भी सिद्ध होता है कि प्रयाग यूं ही तीर्थराज नहीं बना।

प्रयागराज की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में ह्वेनत्सांग ने अपनी किताब सी—यू—की में लिखा है कि देश के बड़े—बड़े राजा और महाराजा यहां पर दान का उत्सव मनाने एकत्र हुआ करते थे। इनमें सबसे प्रतापी और शक्तिशाली राजा हर्षवर्धन का शासन काल सबसे प्रमुख रहा। ह्वेनत्सांग की किताब में प्राचीनकाल में प्रयाग के महात्म्य का रोचक वर्णन मिलता है। ह्वेनत्सांग ने लिखा है कि प्राचीन काल में प्रयागराज में बड़े स्तर पर धार्मिक उत्सव मनाया जाता था, जिसमें 5 लाख से अधिक व्यक्ति एकत्र होते। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के बड़े—बड़े राजा और महाराजा हिस्सा लेते थे। उसने लिखा है कि इस बड़े राज्य का विस्तार 500 ली (05 ली = 01 मील) तक है। प्रयाग दो पवित्र नदियों गंगा और यमुना के बीच 20 ली के घेरे में है। यहां की जलवायु उष्ण है। साथ ही स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद अनुकूल वातावरण है।

चीनी यात्री ने लिखा है कि नगर में एक देव मंदिर है (किले के भीतर वर्तमान में पातालपुरी मंदिर) जो अपनी सजावट और विलक्षण चमत्कारों के लिए जग प्रसिद्ध है। लोगों की मान्यता है कि यहां पर एक पैसा चढ़ाने से एक हजार मुद्राएं दान करने के बराबर पुण्य मिलता है। मंदिर के आंगन में विशाल वृक्ष (अक्षय वट) है, जिसकी शाखाएं व पत्तियां बहुत दूर तक फैली रहती हैं। यहां स्नान करने मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। प्रयागराज में आने वाले लोग 07 दिनों तक भोजन नहीं करते और एक दिन चावल खाते हैं। दो नदियों के बीच सुंदर और स्वच्छ बालू से ढका मैदान है। यहीं संगम पर देश के सबसे समृद्ध लोग आते हैं और अपना सर्वस्व दान कर चले जाते हैं।

प्रयागराज की मेजा तहसील में बेलन व टोंस नदी के जमाव में पुरा पाषाण काल, मध्य पाषाण काल और नवपाषाण काल का सांस्कृतिक विकास क्रम भी देखने को मिलता है। इसके अलावा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग ने 1962—63 में बेलन, सेवती क्षेत्र में सर्वेक्षण का काम किया था, जिसमें हनुमानगंज, लोन घाटी, मझगवां जैसे पुरा स्थान प्रकाश में आए। बेलन घाटी के सर्वेक्षण से प्रारंभिक मानव के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं। यहां प्राप्त सांस्कृतिक अवशेषों और मृदभांडों के टुकड़ों से यहां निवास करने वालों की जानकारी मिलती है। यहां मिली वस्तुओं से नवपाषाण संस्कृति के विकसित होने का पुख्ता प्रमाण मिलता है।

सरस्वती पत्रिका के संपादक अनुपम परिहार बताते हैं कि चीनी यात्री ह्वेनत्सांग दूसरे ऐसे चीनी यात्री हैं, जिन्होंने भारत खासकर प्रयागराज के बारे में इतने विस्तार से लिखा है। अनुपम परिहार ने खुद भी अपनी किताब श्प्रयाग की धार्मिक एवं आध्यात्मिक विरासतश किताब में सम्राट हर्षवर्धन को प्रजा के विकास के लिए त्रिवेणी संगम पर सबसे बड़ा आयोजन करने वाला प्रतापी राजा बताया है। वो कहते हैं कि सम्राट हर्षवर्धन की तरह ही मौजूदा दौर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रयागराज के विकास के नायक हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में इस बार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 6 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जा रही है। ये उनकी विकासवादी नीतियों का ही परिणाम है कि दुनिया का सबसे वृहद उत्सव प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है।

# बहराइच की हल्दी खरीदेंगे स्वामी रामदेव, तीन एफपीओ से 50 हजार टन का एमओयू हुआ साइन



**संवाददाता–बहराइच।** स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। दरअसल योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि जिले के उत्पादों को विश्वस्तर पर पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना का असर लगातार दिख रहा है। दरअसल योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वह आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। यही वजह है कि योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। बहराइच की डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जिले के उत्पादों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायोएनर्जी फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह मौजूद रहे। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहिंपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45–50 हजार टन हल्दी के विक्रयधविपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं। इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकन्द की खेती की जा रही है, जिसमें 30–35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में इसकी मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की भी यहां खेती हो रही है।

# साधु का वेश बनाकर आया मैनुदिन, खुद को बताया खोया हुआ बेटा, 10 दिन में पकड़ा गया बहरूपिया



**संवाददाता–देवरिया।** साधु का वेश बनाकर मुस्लिम युवक मैनुद्दीन एक ऐसे हिन्द्दू परिवार में पहुंच गया जिसका एक बेटा 12 साल पहले गायब हो गया था। युवक ने खुद का नाम सुभाष गौड़ बताया। वह करीब 10 दिनों तक इस परिवार को धोखा देते हुए उसके साथ रहा लेकिन इसके बाद उसका भेद खुल गया। युवक की घर वापसी के वायरल वीडियो ने उसका भंडाफोड़ करा दिया। मऊ से किसी शख्स ने एक पत्रकार को फोन कर उसकी हकीकत खोल दी। इसके बाद परिवार ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान मऊ जिले एक गांव निवासी मैनुद्दीन उर्फ बिलाई अंसारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 10 दिन पहले अघाव गांव में साधु के वेश में आया एक युवक गांव के एक घर में रहने लगा। आरोपी युवक अपने को गांव के उस परिवार का 12 साल पहले गायब लड़का बता कर घर के बाहर रह रहा था।

उसके झांसा में आकर परिवार के सभी लोगों को पूरा भरोसा हो गया था वही उनका गायब हुआ बेटा है। इसकी वीडियो वायरल हुई तो आरोपी की पहचान उजागर हो गई। परिवारवालों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ की इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में पूरी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पकड़े जाने के बाद साधु बने मुस्लिम युवक के बारे में पुलिस को कई बातें पता चली हैं। पता चला है कि उसने उस परिवार के बारे में पूरी जानकारी हासिल की थी जहां वह धोखा देकर पिछले 10 दिन से रह रहा था। यहां आने और घरवालों को कहानी सुनाने के लिए उसने बड़ी तैयारी की थी। यही वजह रही कि उसकी बातों पर सबको भरोसा हो गया। गनीमत रही कि 10 दिन बाद ही किसी ने उसका वीडियो देखकर मऊ से देवरिया के एक पत्रकार को फोन किया और बहुरूपिये की हकीकत खोल दी। बहुरूपिये के पकड़े जाने के बाद शिकायतकर्ता परिवार उसके खिलाफ सख्ध्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# अवैध खनन की जांच करने पहुंचे लेखपाल को पीटा, फाड़े अभिलेख, नदी में डुबोकर मारने की दी धमकी



**संवाददाता–गोण्डा।** जिले की कोतवाली देहात के चांदपुर गांव में रविवार की शाम को अवैध खनन की जांच करने पहुंचे लेखपाल की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। खनन करने वालों ने मोबाइल छीनने के साथ ही सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। इस मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं।

चांदपुर के लेखपाल मान बहादुर वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा कि रविवार को वह अंदूपुर गांव में एक शिकायत के निस्तारण के लिए गए थे। वहां से वापस लौटते समय चांदपुर गांव में अवैध मिट्टी खनन की जानकारी मिली। इस पर वह राजस्व निरीक्षक ईश्वर शरन तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर राजस्व निरीक्षक लोडर की तलाश में एक ओर निकल गए, जबकि लेखपाल दूसरी साइड पर पहुंचे। लेखपाल ने जब जांच शुरू की तो खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली लेकर जाने लगे। यही नहीं खनन करने वाले कटहा माफी गांव के कुछ लोग लेखपाल से भिड़ गए। आरोप है कि पहले तो लेखपाल को गाली दी। इसके बाद जैकेट का कालर पकड़कर धक्का दे दिया। कहा कि यहां से जाओ नहीं तो नदी में डुबोकर मार देंगे। इसके बाद लेखपाल ने जब मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो उसकी मोबाइल छीन ली। उसके साथ मारपीट भी की। साथ ही सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। इसके बाद भाग निकले। इसी बीच दूसरी ओर से मौके पर पहुंचे कानूनगो को लेखपाल ने आपबीती बताई।

कानूनगो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सीओ सिटी आनंद राय का कहना है कि पूरा मामला जानकारी में है। पुलिस मौके पर है। जांच की जा रही है। विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्धाश्रम में पूर्व जिपं अध्यक्ष ने किया शौचालय का लोकार्पण




**संवाददाता–महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की माता और जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उज्ज्वला चौधरी का जन्मदिन फरेंदा के आधारशिला वृद्धाश्रम में मनाया गया। इस दौरान उन्होंने परिसर में नवनिर्मित शौचालय का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि अपने घर से दूर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ पल बिताने का अवसर सभी को तलाशना चाहिए। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए बुजुर्गों को कंबल दिया और आगे भी यहां आते रहने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, रविन्द्र शुक्ला, सभासद मुकेश सिंधी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कोहरे में जानलेवा न हो जाए सड़क के किनारे ट्रांसफार्मर

**संवाददाता–कुशीनगर।** जाड़े के मौसम में सुबह और रात में कोहरे की वजह से मोबाइल ट्रांसफार्मर कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। ट्रॉली पर रखे इस ट्रांसफार्मर को सड़क में ही लगाकर विद्युतकर्मी छोड़ दिए हैं, लेकिन इस तरफ बिजली निगम के किसी जिम्मेदार की नजर नहीं जा रही है। पडरौना शहर का रामकोला रोड एचएच होने के कारण 24 घंटे छोटे–बड़े वाहनों का आवागमन होता रहता है। गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कॉलेज के निकट लगे ट्रांसफार्मर के जल जाने के बाद बिजली निगम की तरफ से मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे मोहल्ले की बिजली समस्या तो दूर हो गई, लेकिन राहगीरों के लिए खतरनाक हो गया है। मोबाइल ट्रांसफार्मर सड़क में होने के कारण कोहरे के समय पता नहीं चलता है और वाहन टकराने से जैसे–तैसे बचते हैं। इस संबंध में पडरौना डिवीजन के एक्सईएन संजय सागर ने बताया कि मोबाइल ट्रांसफार्मर को जल्द ही सड़क के किनारे लगवाया जाएगा।

# ठंड में बढ़ जाती है चोरी की घटनाएं, बैठक कर बनाई रणनीति

**संवाददाता–महराजगंज।** नौतनवा थाना सभागार में पुलिस अधिकारी व कर्मियों के साथ बैठक कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने पर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रात के समय गस्त और बीट पर तैनात पुलिसकर्मी कस्बो एव गांव में बाहर से आकर रहने वालों पर भी नजर रखें। उनका सत्यापन भी करें।

देश के दूसरे राज्यों व शहरों के बदमाश ठंड के मौसम में ही कस्बों के घरों व दुकानों को टारगेट करते हैं। बड़े ही आसानी से घटना को अंजाम देकर अपने ठिकाने वापस लौट जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बीते दिनों परतावल में हुए ज्वेलरी की दुकान में चोरी की घटना का भी जिक्र किया। कहा कि राज्य के दूसरे शहरों के कई चोरों का गिरोह ठंड के मौसम में सक्रिय हो जाता है। वह गैर जनपद के शहरो के दुकानों व मकानों को चिह्नित कर टारगेट बना देते हैं। उन्होंने सभी चौकी प्रभारी व बीट पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कस्बा गांव में बाहर से आकर कारोबार करने वाले व अनायास ठिकाना बना कर रहने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। इन सभी का सत्यापन किया जाए। बैठक में अतिरिक्त निरीक्षक भूपेंद्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक शेर बहादुर यादव, अभिनव कुमार पटेल, सचिन कुमार, तनु दुबे, निहारिका रंजन, अनामिका दुबे, मुख्य आरक्षी राणा प्रताप सिंह, लक्ष्मी शंकर यादव, अनुराधा चौहान, रंजना चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# गेट से लेकर कक्षों तक कैमरे की निगरानी में होगी परीक्षा

**संवाददाता–महराजगंज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए प्रशासन पूरी तैयारियों में जुटा है। परीक्षा को नकल विहीन, सुचितापूर्ण व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए परीक्षा केंद्र को सीसीटीवी कैमरा से लैश किया जाएगा। इसमें मुख्य गेट से लेकर बरामदा व सभी कक्षों में वायर रिकार्डिंग वाला सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा सचिव के निर्देश के क्रम में डीआईओएस प्रदीप कुमार शर्मा ने सभी कैमरों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा एक साथ 26 फरवरी से प्रस्तावित है। परीक्षा को सकुशल पूरा कराने के लिए जिले में104 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट को मिलाकर कुछ 73338 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसमें हाईस्कूल के 39731 व इंटरमीडिएट के 33607परीक्षार्थी शामिल हैं।

परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर उच्च गुणवत्ता वाला डीवीआर व सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि यदि किसी सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर को बदलने की जरूरत है तो उसे उच्च गुणवत्ता वाले और ब्रांडेड कंपनी के लगाया जाय। जो भी कमियां है उसे दुरूस्त कराकर क्रिया शील कर दिया जाय। प्रत्येक प्रवेश द्वार, परीक्षा कक्ष, प्रश्नपत्र व पुस्तिकाओं के रखने का स्ट्रांग रूम व उनके सीलिंग व पैकिंग रूम में उच्च गुणवत्तायुक्त नाइट विजन सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने का निर्देश दिया गया है। वायस रिकार्डिंग दोनों ओर से सीसीटीवी के माध्यम से वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग किए जाने के मकसद से डीवीआर के साथ राउटर डिवाइस व हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही दो कम्पयूटर आपरेटर भी तैनात करने का निर्देश दिया गया है।

प्रदीप कुमार शर्मा, डीआईओएस ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरा से लैश कर क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया है। गेट से लेकर बरामदा, सभी कक्षों व स्ट्रांग रूम में लगा वायस रिकार्डिंग वाला सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में रहेगा।

# ओवरआल चैम्पियन का खिताब जीएसजीएन सेंट्रल एकेडमी को

**संवाददाता–महराजगंज।** घुघली स्थित डीएवी नारंग इंटर कॉलेज में निजी स्कूलों के समूह के तत्वावधान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन खो–खो, शतरंज, कला, लंबी कूद व क्रिकेट का फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें नौ गोल्ड, सात सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल के साथ 101 प्वाइंट हासिल कर जीएसजीएन सेंट्रल एकेडमी की टीम ने ओवरऑल चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ स्कूल सात गोल्ड, सात सिल्वर व पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ 99 प्वाइंट हासिल कर दूसरे स्थान तथा सेंट थॉमस स्कूल की टीम छह गोल्ड ,पांच सिल्वर व तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ 76 प्वाइंट हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष संतोष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश जायसवाल, डॉ. राजेश सिंह व इस्तखार खान टुनटुन रहे।




जूनियर क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला एलबीएस और जीएसजीएन एकेडमी के बीच खेला गया। इसमें जीएसजीएन सेंट्रल एकेडमी विजेता हुई। वहीं सीनियर वर्ग सेंट जोसेफ और बजरंगी सिंह के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में बजरंगी सिंह विजेता हुई। खो–खो सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला बजरंगी सिंह और सेंट थॉमस के बीच खेला गया, जिसमें सेंट थॉमस स्कूल विजेता रही। शतरंज जूनियर वर्ग बालिका में अंशिका विश्वकर्मा प्रथम व गौरी नायर ने दूसरा स्थान हासिल की। सीनियर में आर्या उपाध्याय को प्रथम व अंजली यादव को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बालक जूनियर वर्ग में राहुल विश्वकर्मा को प्रथम व रजत को दूसरा तथा सीनियर में शाहिद को प्रथम व अत्रे घोष को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद बालिका में पूजा गुप्ता प्रथम व सौम्या मद्धेशिया को दूसरा व बालक वर्ग में निखिल कुमार को प्रथम व अली राजा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के भूमिका में अमित, नमन, विवेक, महेश, मंजेश, विजय, अरविंद रहे। संचालन मनोज सागर व बदास दुबे ने किया। आयोजक चंद्र शेखर सिंह, अवधेश जायसवाल, अनूप जायसवाल, सौमित्र पाण्डेय, अनीश नायर, अंगद विश्वकर्मा, गौतम जायसवाल, सर्वेश गौतम, घनश्याम, विवेक जायसवाल, रिजवानुल्लाह खां सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गंदगी के चलते गांव में बीमारी फैलने का खतरा

**संवाददाता–बलरामपुर।** विकासखंड तुलसीपुर के तमाम ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की लापरवाही से गांव में साफ–सफाई व्यवस्था बदहाल है। जिम्मेदार कर्मी सफाई व्यवस्था सिर्फ कागजों में संचालित कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जगह–जगह कूड़े के ढेर, चोक नालियां व जलभराव स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही हैं। गंदगी के चलते लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय सता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आनलाइन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व कर्मी कोई सुधि नहीं ले रहे हैं।

स्थानीय विकासखंड के तमाम ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है, लेकिन सफाई व्यवस्था बेपटरी है। वहीं दर्जन भर से अधिक गांवों में सफाई कर्मी की नियुक्ति न होने से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्राम पंचायत लैबुड़वा, लालपुर लैबुड्डी, कनहरा, परसिया गौरी, नन्हुआपुर तिवारीडीह, दुंदरा, कंदैला, रजवापुर, अमरहवा, जहानडीह, लक्ष्मनपुर, हडपुर, हरहटा व रानीजोत गांव में नियमित साफ–सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार लग गया है। गांव की नालियां चोक हो चुकी हैं और सड़कों पर नालियों का गंदा पानी बह रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई कर्मियों के न आने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। सड़कों पर कूड़े का ढेर लगा होने के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण विवश होकर खुद गांव की सफाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीण रहीम बाबू, जाकिर, पिंटू वर्मा, अब्दुल नईम व शफीक ने बताया की क्षेत्रों में गंदगी और नालियों के चोक होने के समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में वीडियो पंचायत केके श्रीवास्तव ने बताया की गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं पाई गई तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिवसीय श्री रामलला 76 वां प्राकट्य महोत्सव आज से



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामलला का 76 वां प्राकट्य महोत्सव श्री राम जन्मभूमि सेवा समिति द्वारा गतिवर्षों की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा।22–23 दिसंबर 1949 तिथि पौष तृतीया शुक्लपक्ष को श्श्रीरामलला विराजमान सरकारश् मूर्त रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ में प्रकट हुए थे तब से यह महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।हिंदू धाम में प्रेस से मुखातिब होते हुए समिति के अध्यक्ष महर्षि डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने बताया कि लगभग 500 वर्षों के सुदीर्घ संघर्ष व 150 वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद इस सुखद परिणति तक पहुंचने का अपना इतिहास है। इस महायात्रा का सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग 1949 में 22ध्23 दिसंबर की रात घटित हुआ जब श्रीराम जन्मभूमि परिसर में श्रीरामलला प्रकट हुए। श्रीरामलला का यह प्राकट्य राममंदिर आंदोलन का अहम पड़ाव रहा। समिति के तत्कालीन संरक्षक गोरक्ष पीठाधीश्वर साकेतवासी पूज्य महंत श्री दिग्विजयनाथ तत्कालीन सभापति साकेतवासी पूज्य बाबा अभिराम दास महाराज, समिति के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय श्री ठाकुर गुरुदत्त सिंह, तत्कालीन महामंत्री स्वर्गीय श्री गोपाल सिंह विशारद व तत्कालीन प्रचार मंत्री साकेतवासी महंत श्री रामचन्द्र परमहंस का अहम योगदान रहा। सभापति महंत धर्मदास ने विगत 76 वर्षों से भव्यता एवं दिव्यता के साथ संपन्न कराने वाले लोगो में विभिन्न स्मृति शेष जनों की महती भूमिका रही है जिनमे समिति के संयोजक साकेतवासी पंडित गोपी नाथ शुक्ल व पूर्व अध्यक्ष साकेतवासी महंत श्री रामचरित्र दास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष साकेतवासी महंत श्री शिवानन्दपति त्रिपाठी जी के योगदान के प्रति श्रीरामजन्मभूमि सेवा समिति उनके योगदान प्रति ऋणी है। महासचिव कार्यक्रम के संयोजक अच्युत शंकर शुक्ला ने बताया कि प्रथम दिन 31 दिसंबर को कलश स्थापना, श्री रामाभिषेक, श्री हनुमताभिषेक, श्री रामायण का पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, वेद संहिताओं का पाठ, हवन इत्यादि पूजन होना सुनिश्चित हैं। उक्त समस्त कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान भगवान श्रीरामलला जी के सम्मुख गर्भगृह में सम्पन्न होता हैं। प्राकट्य उत्सव पौष तृतीया शुक्लपक्ष 2 जनवरी को विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जो विगत प्रत्येक वर्षों की भांति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सम्पर्क मार्ग संख्या 03 से अपराहन 2 बजे से प्रारम्भ होकर रामकोट की परिक्रमा अपने पूर्व नियमित मार्गों से होकर अपने आयोजन स्थल पर पहुंच कर सम्पन्न होगी। संयुक्त मंत्री महंत जयरामदास ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत राघवेश दास वेदांती महाराज मौजूद रहे।

# समाजवादी मजदूर सभा की नई कमेटी घोषित, किया स्वागत



**संवाददाता–महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सपा मजदूर सभा के पदाधिकारियों ने बैठक की। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष प्रणय कुमार गौतम ने 31 सदस्यीय कमेटी घोषित की। घोषणा के बाद पदाधिकारियों ने कमेटी के सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नई कमेटी में मोहन विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव रामनाथ, कोषाध्यक्ष, डॉक्टर अरविंद मद्धेशिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, मोहम्मद उमर निजामी, रामकृपाल विश्वकर्मा, दीपू पासवान, मनीष यादव, रामरतन यादव, जनार्दन पासवान, आनंद विश्वकर्मा, जिला सचिव अमरनाथ शर्मा, मुजम्मिल हुसैन, सुनील गुप्ता, वीरेंद्र निषाद, अमृतलाल निषाद, चंद्रभान यादव, राम हजूर, अजय शर्मा, पवन यादव, सुग्रेश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। जिला कार्य करणी सदस्य में अनवर अली, राम लक्ष्मन, सुदर्शन मौर्य, रमेश विश्वकर्मा, नरसिंह चौहान, मुरली चौहान, इंद्रेश अली, भारत गुप्ता, छोटेलाल शर्मा, बुराई शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिला महासचिव शमसुद्दीन अली सिद्दीकी, शिक्षक सभा के जिला महासचिव, डॉ शेषनाथ, छात्र सभा जिलाध्यक्ष यज्ञदत पासवान, विधानसभा सचिव जोखन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नौशाद आलम आदि मौजूद रहे।

# कबाड़ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता–महराजगंज।** सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों ने सख्ती बढ़ा दी है। सोमवार को नेपाल से पिकअप और ठेले पर कबाड़ ला रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। बाद में कबाड़ के साथ आरोपियों को कस्टम के सुपुर्द कर दिया। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि डंडा हेड के जवान सोमवार की सुबह गश्त पर निकले थे। भारत–नेपाल सीमा के पिलर संख्या 518 तिलहवा गांव के पास नेपाल की तरफ से एक पिकअप आता दिखाई दिया। जवानों ने रोककर तलाशी ली तो पिकअप से 500 किलो प्लास्टिक स्क्रैप बरामद हुआ। पिकअप चालक ने पूछताछ में अपना नाम प्रमोद निवासी सुकरौली उर्फ अरघा थाना सोनौली बताया। उन्होंने बताया कि भैरहवा गौतम बुद्ध एयरपोर्ट के पास एक गोदाम से लेकर फरेंदी तिवारी निवासी एक व्यक्ति के घर पहुंचाना था। इधर, दूसरी जवानों की टीम ने भारत–नेपाल सीमा के पिलर संख्या 520 के शेख फरेंदा गांव के पास से ठेला और रिक्शे पर 800 किलो प्लास्टिक स्क्रैप, 200 किलो स्टील के साथ 6 ठेला व आरोपी सोनू निवासी नौतनवा और अशोक कोटहीमाई गांव पालिका वार्ड नंबर 4 जिला रुपनदेही नेपाल को पकड़ा गया। बरामद 1500 किलो स्क्रैप, एक पिकअप, 6 ठेला सहित तीन आरोपियों को नौतनवा कस्टम को सौंप दिया है। सूत्रों की मानें तो सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध गोदामों में यह सामान एकत्र कर धंधेबाज अपना काम कर रहे हैं। तमाम ऐसे गोदाम हैं, जहां सामान एकत्र किया जा रहा है। वहां से जरूरत के अनुसार नेपाल में सामान भेजा जाता है। सूत्र बताते हैं कि सुरक्षा कर्मियों की सख्ती से तस्करों में हड़कंप मचा है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, 9 के खिलाफ मुकदमा

**संवाददाता–महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजुरी में एक ध्महिला के आधा दर्जन पड़ोसियों पर उसकी झोपड़ी जलाने, मारने–पीटने व उसका सामना उठा ले जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहरीर के मुताबिक रिजवाना खातून अपने पति के साथ अपने नंबर की जमीन पर घर बनाने के लिए नींव चला रही थी। 20 दिसंबर की रात पड़ोस के आधा दर्जन लोगों नेध उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस बात से नाराज विपक्षियों ने 21 दिसंबर की सुबह गोलबंद होकर मार पीट कर घायल कर दिया और सीमेंट, कुदाल, तसला, बेल्चा, कटरैन, बाल्टी सहित ईंट बालू भी उठा ले गए। इस बावत निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है।

## भाकियू ने दी अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी

**संवाददाता–महराजगंज।** भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। अन्यथा की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी। पिछली बार यूनियन की तरफ से दिए गए ज्ञापन का संज्ञान न लेने पर नाराजगी व्यक्त की। संगठन के जिलाध्यक्ष रामअशीष ने कहा कि एसडीएम सदर ने सरकार बनाम प्रेम किशोरी अंतर्गत 194 जमींदारी भूमि अधिनियम जंगल जरलहा एवं जंगल बड़हरा में पारित आदेश की मूल कॉपी राजस्व अभिलेखागार में नहीं है। इसे कुछ भूमि कारोबार करने वालों ने अभिलेखागार कर्मियों को मिलाकर नष्ट करा दिया, जिससे 2009 में पारित आदेश की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। दोनों जगह 1996 में ग्राम पंचायत की तरफ से 37 को कृषि आवंटन पट्टा मिला, लेकिन यहां भूमि नहीं मिल सकी।

शासनादेश के मुताबिक सिर्फ 5 हेक्टेयर भूमि ही हो सकती है व्यक्ति के पास, लेकिन तेनुअहिया और बड़हर में अशीष अस्थाना के पास 22 हेक्टेयर भूमि है, जो शासनादेश का उल्लंघन है। ऐसे कई लोगों के पास निर्धारित रकबे से अधिक भूमि है। साथ ही यह लोग खेलकूद और पशुचर भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग कर बिक्री कर रहे हैं। इस दौरान मुराली प्रसाद धुरिया, राजेंद्र सिंह, रामचरण, वकील, शकुंतला, पुष्पा, रामदेव, रामकृष्ण, भग्गन, अमेरिका मौजूद रहे।

# महाकुंभ में आएंगे 40 करोड़ श्रद्धालु, हर सुविधा का रखा जा रहा ध्यान –सतीश महाना



**संवाददाता–अयोध्या।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ ध्[illegible]रती में एकत्रीकरण का महायज्ञ है। जहां समरसता, संस्कार, त्याग और तपस्या का संगम है। महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। सरकार की तरफ से तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं 144 वर्ष बाद महाकुंभ का योग बना है। देश और दुनिया को आमंत्रण है। कुंभ न पक्ष का न हीं विपक्ष का है। कुंभ देश की आस्था है। सिख, जैन, क्रिश्चन, मुस्लिम समाज के लोग भी कुंभ में योगदान देते हैं।

अयोध्या केंद्र बिंदु है, जो श्रद्धालु कुंभ में आयेंगे वह अयोध्या भी आएंगे। अयोध्या में श्रद्धालु बढ़ेंगे। राम मंदिर बनने के बाद यूपी आने वाला व्यक्ति अयोध्या जरूर आता है। यूपी पर्यटन की नगरी है उत्तर प्रदेश में पर्यटन बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की इकोनॉमी को 5 ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य रखा है। यूपी में पर्यटन से वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनेगी।

# फसलों को चर कर बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में नीलगाय और छुट्टा पशु किसानों के जी का जंजाल बने हुए हैं। किसानों की फसलों को चर कर बर्बाद कर दे रहे हैं। जिससे जमा पूंजी डूब जा रही है लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। तहसील क्षेत्र के महुली, नाथनगर, बैड़ारी, उमरिया, धनघटा, हैंसर, बड़गों, पौली आदि क्षेत्रों में किसानों के छुट्टा पशु और नीलगाय जी का जंजाल बने हुए हैं। शासन ने छुट्टा पशुओं को के लिए गोआश्रय केंद्र बना रखा है। लेकिन विभाग की लापरवाही उन पर भारी पड़ रही है। गोपालक गाय के दूध को निकालने के बाद पशुओं को खुला हाल में छोड़ देते हैं जिससे वे किसानों के लिए मुसीबत बनकर रह गए। किसान रामपाल, संतराम, सुखराम, जंगली, बेचन, हरिराम आदि लोगों का कहना है कि कहीं नीलगाय तो कहीं छुट्टा पशु किसानों की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर रहे हैं। जिससे किसानों की जमा पूंजी डूब जा रही है। लेकिन इस तरफ कोई गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे किसान परेशान है।

# खाकी का सपना रह गया अधूराः अदिति की जिद के सामने न झुकती प्रमिला, सपने बिखरते नहीं, न परिवार टूटता



**संवाददाता–गोरखपुर।** सोनबरसा रोड पर हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से बेटी और भतीजी के साथ जान गंवाने वाला शिवराज पढ़ाई में काफी होशियार था। उसने हाल ही में हुई पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा पास की थी और फिजिकल की तैयारी कर रहा था। परिवार वालों का कहना है कि उसे पूरी उम्मीद थी कि वह इस बार परीक्षा पास कर लेगा और उसके बदन पर खाकी वर्दी होगी, लेकिन होनी को तो कुछ और ही मंजूर था। बेटे की मौत से परिवार टूट गया।बेटे की मौत से दुखी पिता हीरालाल ने बताया कि शिवराज पढ़ाई और अपनी तैयारियों के साथ ही परिवार के भरण–पोषण के लिए मजदूरी और टाइल्स लगाने का काम भी करता था। उसकी मेहनत फल लाती इससे पहले इस हादसे ने उसकी जान ले ली। घटना की जानकारी के बाद घर पर जुटे लोगों के चेहरे पर भी उसकी मौत का गुस्सा साफ दिख रहा था।

सभी बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। हीरालाल के तीन बेटों में शिवराज दूसरे नंबर का था। बड़ा बेटा शिवमंगल 15 दिन पहले कर्नाटक कमाने गया है। शिवमंगल की दो बेटी और पत्नी घर पर ही रहते हैं। शिवराज ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर चुका था और सेना या पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। पुलिस की लिखित परीक्षा पास भी कर चुका था और इन दिनों फिजिकल परीक्षा के लिए रोज सुबह दौड़ लगाने जाता था। इसके बाद परिवार के भरण पोषण के लिए वह टाइल्स लगाने का काम के साथ मजदूरी भी करता था। उसकी शादी चार साल पहले चौरीचौरा क्षेत्र के महुआ बुजुर्ग निवासी प्रमिला के साथ हुई थी। हादसे में पति और बेटी की मौत पर उसका रो–रो कर बुरा हाल है। घटना स्थल पर पहुंच कर इन सब बातों का जिक्र कर दहाड़े मारकर रो रही थी। पिता हीरालाल का भी रो–रोकर बुरा हाल था। परिजनों का कहना था कि शाम को बाजार जाने के लिए बेटी अदिति और भतीजी ने जिद की तो प्रमिला ने उनको रोका, लेकिन बेटी के हठ के आगे सबको झुकना पड़ा। शिवराज बेटी और भतीजी अन्नू को लेकर बाजार चला गया। आते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया।

विशुनपुर खुर्द गांव के प्रधान प्रतिनिधि विनय यादव हादसे की खबर पर मौके पर पहुंचे। उनका कहना था कि सड़क के किनारे चबूतरे पर खुले में रखे ट्रांसफार्मर और ढीले तार कसने के लिए उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से मौखिक अनुरोध किया था, पर वे उनकी बात को नजरअंदाज करते रहे। उसी का परिणाम है आज यह हादसा हो गया।

# हटाए गए विवादों से घिरे हैदरगंज एसओ, किशोरी की आत्महत्या का है मामला




**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में हैदरगंज थाना के प्रभारी रहे मोहम्मद अरशद को विवादों के बाद हटा दिया गया है। उनके स्थान पर दर्शन नगर चौकी इंचार्ज रहे विवेक राय को तैनाती दी गई है। इसके अलावा दो और उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल किया गया है। हैदरगंज थाना क्षेत्र में किशोरी के आत्महत्या के बाद परिजनों ने शिक्षक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के परिजनों ने थाना अध्यक्ष मोहम्मद अरशद के खिलाफ आरोपी की मदद करने का आरोप लगाते हुए धरना–प्रदर्शन किया था। इसमें जिले के ब्राह्मण संगठनों और भाजपा व सपा के नेता भी शामिल हुए थे। वरिष्ठ भाजपा नेता करुणाकर पांडेय के नेतृत्व में परिजनों ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर से भी मुलाकात की थी। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को एसएसपी ने थाना अध्यक्ष मोहम्मद अरशद को हटाकर लाइन हाजिर किया है। उनके स्थान पर दर्शननगर चौकी इंचार्ज रहे विवेक राय को थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं लक्ष्मण घाट चौकी चार्ज रहे जगन्नाथ मणि त्रिपाठी को दर्शन नगर चौकी प्रभारी बनाया गया है। जबकि मवई थाना अध्यक्ष रहीं आशा शुक्ला को महिला थाने की कमान सौंपी गई है। जबकि जय किशोर अवस्थी को लक्ष्मण घाट चौकी प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी ने सभी को नवीन तैनाती स्थल पर अविलंब पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

# सुबह से छाई रही बदली, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में मौसम बिगड़ गया है। सोमवार की सुबह तेज हवाओं के साथ बदली छाई रही। इससे ठंड का असर काफी बढ़ गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के साथ पूर्वांचल में मौसम का मिजाज बिगड़ने से कांपने वाली हालत हो गई है। इसके चलते लोगों की चहल कदमी कम रही। सुबह मार्निंग वाक पर जाने वालों की संख्या कम रही।

जिले का मौसम फिर बिगड़ गया है। शनिवार को बदली के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। रविवार की शाम से फिर बदली छा गई। पश्चिमी विछोभ की वजह से मौसम का बदलाव हो रहा है। सोमवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। 13 किमी की रफ्तार से चल रही हवाओं से ठंड का असर काफी बढ़ गया। सुबह के समय लोगों की चहल कदमी काफी कम रही। लोग घरों में ही दुबके रहे। बर्फीली हवाओं से सोमवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

# बेटी–दामाद में खटपट, अब ससुराल वाले शादी में मिली कार से खूब कटवा रहे चालान

**संवाददाता–गोरखपुर।** बेटी की शादी में दिया गया उपहार परिवार वालों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। दंपति के बीच खटास आने के बाद ससुराली वाहन नहीं लौटा रहे हैं। वाहन का चालान होने पर जुर्माने का कागज लड़की पक्ष को थमा दे रहे हैं या फिर जमा ही नहीं कर रहे हैं। चूंकि जिसके नाम से गाड़ी है, चालान भरने की जिम्मेदारी उसकी हो जाती है, इसलिए परेशानी और विवाद बढ़ रहे हैं। ऐसे प्रकरणों की वजह से पुलिस भी परेशान है। अधिकारियों के सामने आए दिन ऐसे मामले आ रहे हैं। चिलुआताल थाना क्षेत्र निवासी एक पिता ने अपनी बेटी की शादी चार साल पूर्व धूमधाम से की थी। उपहार में बेटी और दामाद को कार दिया। रजिस्ट्रेशन बेटी के नाम से कराया। इस बीच एक साल पहले बेटी और दामाद में किसी बात को लेकर खटपट हो गई। मामला थाना पहुंचा लेकिन दोनों पक्ष अलग नहीं हुए। उधर, उपहार में मिली कार लेकर पति घूमता रहा। अपने दोस्त को भी चलाने के लिए दे दी, जिसका चार बार में 20 हजार रुपये का चालान कट गया। इसकी जानकारी होने के बाद परिवार के लोग परेशान हैं। ससुराली न तो गाड़ी लौटा रहे हैं, न ही चालान जमा कर रहे हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत की है। ऐसे ही एक दूसरे मामले में कैंट क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार ने छह साल बेटी की शादी में बुलेट दी थी। उसका प्रदूषण सहित अन्य मामलों में चालान हो गया। आठ हजार जुर्माना होने पर पति ने चालान के पेपर पत्नी के पास भेज दिए। दोनों पक्षों की पंचायत बैठी तो बुलेट के चालान का मामला आया। मामला इसलिए नहीं सुलझ पा रहा है क्योंकि एक पक्ष कह रहा है कि जिसके नाम से गाड़ी है वह जुर्माना जमा कराए। दूसरा पक्ष कह रहा है कि चलाने वाले की लापरवाही से चालान हुआ है इसलिए पैसा उसे देना चाहिए। शहर के थानों में आए दिन दहेज के मामले दर्ज होते हैं। लोगों के बीच उपहार में दिए सामानों को लेकर भी पंचायत होती है। इसमें वाहनों से संबंधित मामले आने लगे हैं।

# प्रेमी को बांका से काटा, फिर खुद भी दे दी जान

**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में दूसरी जगह शादी तय होने के बाद से प्रेमी ने प्रेमिका से दूरी बना ली। उससे बातचीत कम करने लगा तो दोनों में झगड़ा बढ़ गया। बार–बार वह प्रेमिका का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट करने लगा। इन्हीं वजहों से प्रेमिका और आक्रोशित हो गई थी। पुलिस ने सोमवार को अपराध छिपाने के आरोप में मृतक के दोस्त और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पठखौली अगरवा निवासी सरिता प्रजापति (26) का शव बृहस्पतिवार की सुबह बोरी में मिला था। उसके प्रेमी सुल्तानपुर के वल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे फत्ते निवासी विकास पाल की भी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच में पता चला कि प्रेमी की शादी कुछ माह पूर्व अन्यत्र तय हो गई थी।

इसके बाद से ही वह प्रेमिका को नजरअंदाज करने लगा था। उससे बात बंद करने पर दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। बीच–बीच में प्रेमी उसका नंबर भी ब्लैकलिस्ट कर देता था। तब प्रेमी का दोस्त उसी थाना क्षेत्र के हैधनाकला पूरे बरई निवासी जय सिंह चौरसिया समझौता कराता था। उसने कई बार दोनों में मध्यस्थता कराई थी। सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 22 दिसंबर को भी दोनों का झगड़ा हो गया था। प्रेमी ने युवती का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया था। बुधवार को युवती ने जय सिंह से संपर्क किया तो उसने विकास से मिलाने के लिए उसे सुल्तानपुर बुलाया था।

दोनों वहां पहुंचे। वहीं से इनायतनगर थाना क्षेत्र के पाराताजपुर आ गए थे। मिलने के बाद बात बढ़ी तो प्रेमिका सरिता ने प्रेमी विशाल पर बांका से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। जय सिंह ने घायल विशाल को अस्पताल पहुंचाया। उधर सरिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

युवती की मौत के बाद जय सिंह और उसकी पत्नी नीतू उर्फ रंगोली डर गई। दोनों ने मिलकर अपराध छिपाने के लिए युवती के शव को बोरी में भरकर फेंक दिया था। युवक की हत्या में प्रयुक्त बांका, खून से सने कपड़े आदि छिपा दिए थे। सोमवार को दोनों आरोपियों को थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय की टीम ने भाऊपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है।

# जिला अस्पताल की इमरजेंसी का बढ़ेगा दायरा , मरीजों को मिलेगी सहूलियत



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में आए दिनों मरीजों की भीड़ लगी रहती है। यहां पर जगह कम होने से मरीजों व चिकित्सकों को परेशान होना पड़ता है। इतना ही नहीं कभी–कभी तो बेड कम होने से मरीजों को उपचार के लिए इंतजार करना पड़ता है लेकिन अब यह समस्या दूर होने वाली है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सीएमओ से इमरजेंसी कक्ष और बड़ा बनाने के साथ यहां पर संसाधनों का भी विस्तार कराने के लिए पहल की है। इससे इस नए विंग के बन जाने से यहां पर आने वाले मरीजों को उपचार में राहत मिलेगी। जनपद की आबादी इन दिनों बीस लाख से अधिक हो चुकी है। जिससे कि अब रोगियों की संख्या में पूर्व के दिनों की अपेक्षा दो गुना हो गई है। इतना ही नहीं जिला अस्पताल हाइवे से सटे होने के कारण यहां प्रतिदिन उपचार के लिए पुलिस या फिर अन्य के माध्यम से घायल इमरजेंसी में पहुंचते रहते हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में महज दस बेड ही लगाए गए हैं। जिससे कि सामान्यतः यहां पर मरीजों को उपचार के लिए इंतजार भी कुछ देर के लिए करना पड़ता है। वहीं इस कक्ष में मरीजों के परिजनों की भी भीड़ लग जाती है। कभी कभार तो ऐसा होता है कि समय से उपचार न होने को लेकर परिजनों व चिकित्सकों में कहासुनी तक होने लगती है। लेकिन अब डीएम ने इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए बीते जिला स्वास्थ्य समित शासी निकाय की बैठक में सीएमओ डा. रामानुज कन्नौजिया को निर्देश दिया कि इस कक्ष का आकार बढ़ाया जाय। जिसके लिए उन्होंने अवर अभियंता को निर्देश भी दिया है कि जल्द से जल्द स्टीमेट बनाकर भेजें। जिससे कि उसके सापेक्ष धन जारी किया जा सके। इस बारे में सीएमओ ने पहल शुरू कर दी है। जल्द ही प्राक्कलन तैयार कर जिलाधिकारी को भेजा जाएगा।

# रील क्रिएटर युवकों के साथ अवैध असलहे से बना था रील, भौकाल के चक्कर में पुलिस ने भेजा जेल



**संवाददाता–गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रविवार की रात में रामगढ़ताल के जेएसआर गार्डेन से रील क्रिएटर विपिन कन्नौजिया को गिरफ्तार किया है। रील क्रिएटर के साथ उस वक्त लगभग 20 अन्य युवक बैठे थे और विपिन के पास अवैध असलहा था। इस असलहे के साथ विपिन कन्नौजिया रील बना रहा था। इस दौरान अचानक पुलिस मौके पर पहुंची तो सहमें विपिन ने अवैध असलहे को थोड़ा दूर जाकर फेंक दिया।

लेकिन, पुलिस भागते और असलहा फेंकते विपिन को देखकर उसे मौके से ही हिरासत में ले लिया। मूलरुप से बांसगांव का रहने वाला विपिन कन्नौजिया शहर में रहकर रील बनाने के काम करता है। पुलिस को सूचना मिली कि इस दौरान मनबढ़ युवाओं की टीम उसने तैयार रख की है।

तीन अक्तूबर को एक विवाद में कुछ मनबढ़ों ने विपिन पर गोली भी चलाई थी। इसमें नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन, इसके गतिविधियों की भी जानकारी पुलिस को मिली थी। इसी आधार पर पुलिस की टीम लगाकरा विपिन और अन्य मनबढ़ स्वाभाव के युवकों की निगरानी में लगी थी।

# नाला का ढक्कन टूटा, आवागमन में परेशानी

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंजध–बस्ती मार्ग के बगल कस्बे में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार गेट के सामने नाले का ढक्कन एक साल से टूटा हुआ है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। लोगों ने नाले का ढक्कन बनवाने की मांग की है। क्षेत्र के विद्यासागर यादव, अनिल कुमार, इंतेजार हैदर रिजवी,पवन यादव, सुनील कुमार, अल्ताफ, रामसेवक, राजू का कहना है कि राजकीय कृषि बीज भंडार केन्द्र के सामने जा रहे गहरे नाला का ढक्कन एक साल पहले टूट गया था। इसके बाद से ढक्कन नहीं बना। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसकी शिकायत नगर पंचायत के जिम्मेदारों से की गई पर किसी ने सुधि नहीं ली। उन्होंने जिम्मेदारों से नाले का ढक्कन बनवाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि मौके का निरीक्षण कर नाले का ढक्कन निर्माण कराया जाएगा।

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0
धारा 116 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

लौटू
बनाम
चन्द्रशेखर

1. चन्द्रशेखर पुत्र गोली 2. सोमई पुत्र बुधिराम साकिनान मौजा मरचा तप्पा कोड़री परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 3. ग्राम पंचायत प्रधान/ अध्यक्ष भू0प्र0स0 बिहरा तप्पा कोड़री परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

**तारीख पेशी 17–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 28 माह 12 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0 7596/2023
T 202317140107596
धारा 116 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय हर्रैया जिला–बस्ती

आशाराम
बनाम
रामलाल आदि

साकिन रेवरादास तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला बस्ती

1. रोहित पुत्र रामलाल 2. लालता 3. राम स्वरूप पुत्रगण रामदेव 4. विनोद कुमार पुत्र श्यामलाल 5. सीता देवी 6. सुलोचना पुत्रीगण अशोक कुमार साकिनान मौजा रेवरादास तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला बस्ती

**तारीख पेशी 31–12–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31 माह 12 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
वाद सं0–C200817000039
अदालत– श्रीमान अपर आयुक्त (प्रशासन) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

श्रीमती सत्यावती
बनाम
सतई आदि

1. सतई पुत्र भागीरथी निवासी मुड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती
2/1 श्रीमती कमला देवी पत्नी रामदौड़ 2/2 जवाहर लाल 2/3 बाबूलाल 2/4 हीरालाल 2/5 अशर्फी लाल उर्फ पुत्तीलाल 2/6 रंजित पुत्रगण स्व0 रामदौड़ साकिनान मौजा मुड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती 3/1 श्रीमती मीना कुमार पत्नी स्व0 नेबूलाल 3/2 वृन्दकुमार 3/3 रंजित कुमार 3/4 सुनील कुमार पुत्रगण स्व0 नेबूलाल 3/5 कु0 सुषमा पुत्री स्व0 नेबूलाल साकिनान मौजा मुड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती
4/1 राजेन्द्र प्रसाद उर्फ बहेतु 4/2 भीखू पुत्रगण स्व0 मुन्नीलाल
–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
5. जगलाल 6. मेहीलाल 7. हितलाल 8. गंगूलाल पुत्रगण बुधई साकिनान मौजा मुड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती
–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
10. सलारू पुत्र झकड़ी 11. रामफेर 12. रामसेवक 13. जगरनाथ पुत्रगण दयाराम 14. ज्ञानदास 15. प्रेम 16. रामचेत पुत्रगण बलिहारी 17/1 श्रीमती रामवती पत्नी स्व0 सुखई 17/2 राजेश कुमार उम्र 27 साल 17/3 राकेश कुमार उम्र 22 साल 17/4 बृजेश कुमार उम्र 12 साल पुत्रगण स्व0 सुखई साकिनान मौजा मुड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती
18/1 श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व0 छोटेलाल 18/2 सोनू पुत्र स्व0 छोटेलाल 18/3 कुमारी अम्बूज 18/4 कुमारी रीतू पुत्रीगण स्व0 छोटेलाल साकिनान मौजा छपिया रघवंश तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती 19. गंगाराम 20. गंगासागर 21. शिवसंकर पुत्रगण पूजन 22. ज्ञानमती पत्नी टीहुल 23. झिनकू पुत्र झीगूर 24/1 श्रीमती गनेशी पत्नी स्व0 पांचू 24/2 रामपाल 24/3 रामचरन 24/4 रामकेश पुत्रगण स्व0 पांचू साकिनान मौजा छपिया रघुवंश तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती 25. रामजियावन 26. बरसाती पुत्रगण बंशू 27. गुलाबी देवी पत्नी कन्हैयालाल 28. राम पियारे पुत्र रामबरन साकिनान मौजा छपिया रघुवंश तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती
–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग
29/1 सन्तोष 29/2 दिलीप 29/3 अरविन्द 29/4 लक्ष्मेश्वर पुत्रगण स्व0 चन्द्रबली 29/5 श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व0 चन्द्रबली निवासीगण मौजा पकरीजई तप्पा उमरा परगना बस्ती पूरव तहसील रूधौली जिला बस्ती 30. ग्राम पंचायत छपिया रघुबंश जरिये प्रधान छपिया रघुवंश तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती 31. ग्राम पंचायत मूड़ाडीहा खुर्द तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला बस्ती 32. बासदेव पुत्र पाटनदीन मौजा पकरीजई तप्पा उमरा परगना बस्ती पूरव तहसील रूधौली जिला बस्ती

**तारीख पेशी 02–01–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 02 महीना 01 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है। अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख 26 माह 12 सन 2024 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बस्ती

पत्रांक 5890/04 ई–निविदा–बस्ती वृत्त/2024 दिनांक 26.12.2024

### शुद्धि–पत्र

ई–प्रक्योरमेन्ट सूचना सं0 1865(1)/4ई निविदा–बस्ती वृत्त/2024 दिनांक 26.10.24 द्वारा आमंत्रित निविदा जो दिनांक 18.11.2024 से 26.11.2024 तक अपरान्ह 12:00 बजे आनलाइन अपलोड की जानी है एवं दिनांक 26.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे आनलाईन तकनीकी बिड खोली जानी है। निविदा अपरिहार्य कारणों से दिनांक 31.12.2024 से 07.01.2025 के 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जायेगी एवं दिनांक 07.01.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिडस आलाइन खोली जायेगी। निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बस्ती**

**अधीक्षण अभियन्ता**
**बस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बस्ती**

संख्या उ0प्र0 225181 दिनाकः–28/12/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.inपर उपलब्ध है।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com